# संस्कृति संचालनालय, म.प्र. शासन

1-शिवाजी नगर (रेडक्रास अस्पताल के पीछे), भोपाल-462016
फोन : 0755-2770598
Website : www.culturemp.in/Email : director-culture@mp.gov.in

## लाड़ली बहना योजनांतर्गत

**अंतिम तिथि 24 मार्च, 2023**

## प्रतियोगिता एवं पुरस्कार हेतु गीत एवं उसके ऑडियो क्लिप का आमंत्रण

मध्यप्रदेश शासन की 'लाड़ली बहना योजना' पर आधारित मध्यप्रदेश की विभिन्न बोलियों में गीत लेखन एवं सांगीतिक रचना की प्रतियोगिता एवं इस पर पुरस्कार प्रदाय किये जाने हैं।

2. प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रदेश के कलाकारों द्वारा प्रदेश की विभिन्न बोलियों में 'लाड़ली बहना' योजना से संबंधित गीत लेखन एवं उनकी सांगीतिक रचना (कम्पोजिंग) तैयार की जानी है। प्रतिभागी कलाकार द्वारा तैयार यह ऑडियो क्लिप 3 से 6 मिनिट अवधि की रहेगी। यह ऑडियो क्लिप मानक हिन्दी एवं प्रदेश की आठ बोलियों यथा बुंदेली, बघेली, निमाड़ी, मालवी, भदावरी, भीली, गोंडी एवं कोरकू में लिखित एवं स्वर बद्ध की जायेंगी।

3. प्रत्येक बोली के लिए चयनित इस ऑडियो क्लिप को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदाय किया जा सकेगा।

**मार्गदर्शी सिद्धान्त एवं शर्तें :-**

1. मानक हिंदी एवं मध्यप्रदेश की बोलियों के गीत लेखन एवं सांगीतिक ऑडियो कम्पोजिंग (दोनों हो), उस भाषा/बोली का उल्लेख विषयांतर्गत सबसे ऊपर किया जाना अनिवार्य होगा।
2. कलाकार को गीत एवं कम्पोजिंग की मौलिकता का प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य होगा।
3. शासन द्वारा विभिन्न अवसरों/कार्यक्रमों में उक्त गीत एवं कम्पोजिंग ऑडियो के उपयोग की सहमति अनिवार्य होगी।

**लाड़ली बहना अन्तर्गत पुरस्कार विवरण :-**

| श्रेणी | पुरस्कार की संख्या (प्रत्येक बोली हेतु) | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| प्रथम | 9 | 25,000/- |
| द्वितीय | 9 | 15,000/- |
| तृतीय | 9 | 10,000/- |

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक पुरस्कार के लिए गठित चयन समिति के समक्ष आवेदन विचार एवं निर्णय के लिए रखे जावेंगे। चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। घोषणा तक सभी कार्यवाहियाँ गोपनीय रहेगी। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा और न ही दूरभाष पर जानकारी देना संभव हो सकेगा। आवेदन तथा प्राप्त गीत से संबंधित दस्तावेज लौटाये नहीं जा सकेंगे। जमा प्रस्तावों पर संशोधन आदि भी मान्य नहीं होगा। प्रत्येक पुरस्कार के लिए अलग-अलग गीत एवं ऑडियो क्लिप दिनांक 24 मार्च, 2023 शाम 6 बजे तक ईमेल : directormpculture@gmail.com अथवा संचालक, संस्कृति संचालनालय, 1-शिवाजी नगर (रेडक्रास अस्पताल के पीछे), भोपाल-462016 के पते पर पहुँचाना आवश्यक है। विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट www.culturemp.in पर देखा जा सकता है।

**संचालक, संस्कृति**